व्यवस्था की जा रही है। रोस्टर सिस्टम लागू रहे इसके बारे में बराबर आग्रह किया जा रहा है। जैसा कि मैंने बताया पिछले दो-तीन वर्षों मे सेवा-निवृत्ति की आयु बढ़ जाने के कारण रिक्तियां बहुत कम हुई हैं और इस कारण से वहां पर नियुक्तियां भी कम हुई हैं। मगर इसका अर्थ यह नहीं है कि हम रोस्टर सिस्टम को लागू नहीं कर रहे हैं। रोस्टर सिस्टम 40 पाइंट, 100 पाइंट दोनों को लागू करने की व्यवस्था है। विश्वविद्यालयों को इस बारे में निर्देश होते हैं और जैसा मैंने बताया दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक विशेष ड्राइव भी एस०सी०/एस०टी० की भर्ती के लिए चलाया है। हम इस तरफ पूरा ध्यान दे रहे हैं।

Rail over bridges in Punjab

*283 SHRI SUKHDEV SINGH LIBRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state the status, as on date, of all the rail over bridges in Punjab, which have been cleard by Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI DIGVIJAY SINGH): A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

The following works of Road Over/Under Bridges falling in Punjab are at various stages of construction.

Sl. No.	Name of Work	Year of Sanction	Rly's share of cost Rs. in lakhs	State Govts. share Rs. in lakhs	Status
1.	Road over bridge in lieu of level crossing No. 25-B between Bhatinda-Ferozpur at Kotkapura	1996-97	366	617	65% progress on bridge proper and 100% progress on approaches has already been made. All the columns have been cast and capping beams have been completed Casting of one span has been done. Staging and reinforcement of second span also completed. Bridge proper is likely to be completed by September, 2000.

310 RSS/2001--2

Sl. No.	Name of Work	Year of Sanction	Rly's share of cost Rs. in lakhs	State Govts. share Rs. in lakhs	Status
2.	Road over bridge in lieu of level crossing No. A-2 at Ludhina.	1996-97	234	735	State Govt. is yet to finalize planning for approaches.
3.	Road Over Bridge in lieu of Do-Moria pul at Jallandhar.	1997-98	490	1328	Detailed estimate sanctioned. State Govt. has not finalized the revised plan for approaches. Railway will take up the work on bridge proper after the work on approaches is started by State Govt.
4.	Road Over Bridge in lieu of level crossing No. 144-B at Sirhind.	1998-99	459	463	General Arrangement Drawing has been approved. Work started. Initial pile test has been done.
5.	Road Over Bridge in lieu of level crossing No. 135-A at Rajpura.	1999-2000	436	456	Revised profile sketch cleared by State Govt. and is under approval. Detailed estimate under process.
6.	Road Over Bridge in lieu of level crossing No. A-76 at Sunam.	1999-2000	574	662	Revised profile sketch cleare is under approval and Detailed estimate is being processed.
7.	Road Over Bridge in lieu of level crossing No. 245-A at Bhatinda Yard.	2000-2001	700	1204	Feasibility checked at site. Profile sketch cleared by the State Govt. and is under approval.

Sl. No.	Name of Work	Year of Sanction	Rly's share of cost Rs. in lakhs	State Govts. share Rs. in lakhs	Status
8.	Road Over Bridge at Derabassi.	On	BOT	basis	This work is being taken up by the Punjab Govt. udner Build Operate and Transfer (BOT) Scheme. Work has already been awarded by the Punjab Govt. I MOST to Private enterepreneur. Work will be got executed by the State Govt.

श्री सुखदेव सिंह लिब्राः चेयरमैन साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि अगर कोई संस्था, नगरपालिका ओवरब्रिज पर सारा खर्चा करने के लिए तैयार हो तो उसके लिए कितनी देर तक रेलवे से मंजूरी मिलती है?

पार्ट बी यह है कि मंडी में गोविन्दगढ़ जिला फतेहगढ़ साहिब में वहां की नगरपालिका ने पिछली दफा जब माननीय प्रधान मंत्री जी गोविन्दगढ़ गए थे तो उनकी हाजिरी में ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी और माननीय मंत्री जी ने व्यवस्था दी थी कि हम इस ओवरब्रिज का सारा खर्चा देंगे। माननीय प्रधान मंत्री जी ने एलान किया था कि इसकी मंजूरी जल्दी दी जाएगी। यह कहां तक ठीक बात है?

श्री दिग्विजय सिंहः सभापति जी, रेलवे ओवरब्रिज हमारे पास कुल 279 हैं और जिस भी काम में राज्य सरकार की ओर से आधा पैसा देने का प्रस्ताव आता है उस प्रस्ताव को रेलवे विभाग स्वीकार कर लेता है। रेलवे विभाग के पास एक भी ऐसी योजना लम्बित नहीं है जिसका प्रस्ताव राज्य सरकर की तरफ से आया हो और जिसमें आधा पैसा देने की व्यवस्था उन्होंने की हो। हमने सारे प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है। माननीय सदस्य का प्रश्न गोविन्दगढ़ से संबंधित है, उसके संबंध में राज्य सरकार की तरफ से हमारे पास कोई प्रस्ताव नहीं आया है। अगर कोई प्रस्ताव आएगा तो इस बारे में हमारे पास इतना प्रावधान है कि जिस प्रावधान के तहत हम वहां पर रेलवे ओवरब्रिज बनायेंगे, इसमें कोई दो राय नहीं है। मैं एक जानकारी माननीय सदस्य को जरूर देना चाहूंगा। जब हम ओवरब्रिज बनाते हैं तो उसमें हमने एक गणित रखा है और उस गणित को टीवीयू के नाम से जाना जाता है। कितनी रेलगाड़ियां उस रेलवे लाइन से गुजरती हैं और कितने मोटरव्हीकल उसको पास करते हैं और दोनों को मिलाकर हम उसका गुणात्मक भाग निकालते हैं। मान लीजिए, 10 ट्रेन इधर से जा रही हों और 10 मोटर व्हीकल उधर से आ रहे हों, तो हम उसको 100 की यूनिट मानते हैं। जहां एक लाख मोटर गाड़ियों और रेल का संबंध बनता है वहां हम तत्काल इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हैं और इसलिए अगर माननीय सदस्य अपनी राज्य सरकार की तरफ से यह प्रस्ताव रखेंगे तो हम तत्काल उसको स्वीकार करेंगे।

श्री सुखदेव सिंह लिब्राः महोदय, मेरा दूसरा सप्लीमेंटरी यह है कि राजपुरा में भी ओवरब्रिज बन गया और उधर लुधियाना में भी ओवरब्रिज बन गया लेकिन खन्ना एक ऐसा शहर है जो लुधियाना से चालीस किलोमीटर पड़ता है और राजपुरा से भी चालीस किलोमीटर पड़ता है। पहले वहां यह बात चल रही थी कि वहां ओवरब्रिज बनेगा लेकिन सरकार पैसे नहीं दे सकी या जो एनाउंस किया था, वह दे न सकी तो पता नहीं उसका क्या हुआ? कृपा करके उसकी स्थिति बताने की कृपा करें।

श्री दिग्विजय सिंहः सभापति जी, माननीय सदस्य ने यह बिलकुल सही सवाल पूछा है। भारतीय रेल की तरफ से भी यह जगह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 11 लाख टी०वी०यू० 1994 के सेंसस के मुताबिक गणित है, जो एक लाख टी०वी०यू० के गणित को पूरा करता है और 1986-87 में इस तरह का एक प्रस्ताव राज्य सरकार की तरफ से आया भी था लेकिन जब हमने इसको स्वीकार कर लिया, उसके बाद से राज्य सरकार की तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं आया और इसलिए यह पूरा काम नहीं हो पाया। मैं माननीय सदस्य से कहना चाहूंगा कि अगर राज्य सरकार इसके लिए प्रस्ताव करे तो हम तत्काल प्राथमिकता के आधार पर इसको स्वीकार करेंगे।

सरदार बलविन्दर सिंह भुंडरः ऑनरेबल चेयरमैन सर, मैं आपके ज़रिए ऑनरेबल मिनिस्टर से यह जानना चाहता हूं कि सीरियल नंबर चार, पांच, छः और सात में जिन क्रॉसिंग्ज़ का आपने ज़िक्र किया है— सरहिंद क्रॉसिंग, राजपुरा क्रॉसिंग, सुनाम क्रॉसिंग, और भंटिडा क्रॉसिंग तो ये चारों इम्पॉर्टेंट जगहें हैं और चारों में काम मंज़ूर हो चुका है। लेकिन मैं इतना जानना चाहता हूं कि मंज़ूर तो हो चुका है सालों साल ऐसे ही चलता रहता है तो इस काम को शुरू कब करेंगे?

श्री दिग्विजय सिंहः माननीय सभापति जी, जिन चार रोड ओवरब्रिजों के बारे में पूछा गया है, उसकी जानकारी मैं माननीय सदस्य को देना चाहूंगा। रेलवे ने, कई बार जब राज्य सरकार की तरफ से प्रस्ताव आए इस तरह के, तो रेलवे ने अपना ओवरब्रिज बनाने का काम प्रारंभ किया। रेलवे को अपना ओवरब्रिज रेलवे लाईन पर बनाना होता है, जब वह बन जाता है तो कई राज्य सरकारों ने, ऐसी 17 परियोजनाएं हैं हमारे पास जिन पर आज तक एप्रोच रोड जो राज्य सरकारों ने बनानी होती हैं, वह नहीं बनाई हैं। मेरे ही प्रदेश में तीन-चार ओवरब्रिज बनकर तैयार हैं जहां एप्रोज रोड आज तक नहीं बनी। तो मैं माननीय सदस्य से कहना चाहूंगा कि जहां राज्य सरकार ओवरब्रिज की एप्रोच रोड को बनाने का काम प्रारंभ कर देती है, वहां रेलवे द्वारा ढिलाई होने का कोई सवाल ही नहीं है। इसलिए मैं माननीय सदस्य से कहूंगा कि अगर थोड़ा सा प्रयास अपनी राज्य सरकार से करेंगे तो जहां-जहां काम इस तरह का लगता है कि अधूरा पड़ा हुआ है, उसको तत्काल भारतीय रेल पूरा करेगी।